भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2579
उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

नए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों (एनसीओई) के प्रस्ताव

2579. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएई) के अंतर्गत कार्य कर रहे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों (एनसीओई) की स्थानवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) संबंधित राज्यों में वहां के कितने एथलीट वर्तमान में उक्त प्रत्येक एनसीओई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उनका खेल-वार और केंद्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का देश में कोई नया राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना और संचालन के लिए सरकार /भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा क्या दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और पूर्वापेक्षाएं निर्धारित की गई हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): अब तक कुल 26 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र का उनके स्थान सहित विवरण तथा वर्तमान में प्रत्येक एनसीओई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों की संख्या अनुबंध में प्रदान की गई है।

(ग) खेल राज्य विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना का विकास, जिसमें उपयुक्त प्रशिक्षण सुविधाओं की पहचान भी शामिल है, मुख्यतः संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) समय-समय पर देशभर में उपलब्ध खेल सुविधाओं की समीक्षा और निगरानी करता है, और ऐसी सुविधाओं के उन्नयन या विकास के प्रस्तावों, जिनमें राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भी शामिल हैं, पर प्राप्त प्रस्तावों, तकनीकी व्यवहार्यता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है।

(घ) नए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) खोलने पर निम्नलिखित व्यापक मानदंडों के आधार पर विचार किया जाता है:

(i) राज्य सरकार/अन्य हितधारकों की सहायता और प्रतिबद्धता;

(ii) निर्धारित मानकों को पूरा करने वाली पर्याप्त खेल अवसंरचना की उपलब्धता;

(iii) क्षेत्र की खेल क्षमता और चिन्हित खेलों में पूर्व प्रदर्शन;

(iv) योग्य कोचो और आवश्यक सहयोगी स्टाफ की उपलब्धता;

(v) प्रस्तावित स्थान की पहुँच और संपर्क सुविधा;

(vi) वित्तीय व्यवहार्यता और बजटीय संसाधनों की उपलब्धता।

*****

अनुबंध

श्री बी. वाई. राघवेन्द्र द्वारा दिनांक 09.03.2026 के लिये 'नए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों के प्रस्ताव (एनसीओई) ' के संबंध में पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2579 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

2025-2026 के दौरान स्थान-वार तथा विधावार खिलाड़ियों की संख्या सहित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) का विवरण

क्र.स.	क्षेत्र/केंद्र का नाम	राज्य	विधा	एथलीटों की संख्या
1	अल्लेप्पी	केरल	कयाकिंग और कैनोइंग	57
			रोइंग	65
			कुल:	122
2	भोपाल	मध्य प्रदेश	एथलेटिक्स	39
			हॉकी	84
			जूडो	121
			जूडो (पैरा)	05
			कयाकिंग और कैनोइंग	42
			कुल:	291
3	बैंगलोर	कर्नाटक	एथलेटिक्स	99
			एथलेटिक्स (पैरा)	19
			हॉकी	81
			वालीबाल	23
			कुल:	222
4	कूच बिहार	पश्चिम बंगाल	तीरंदाजी-पैरा	0
	(अभी शुरू नहीं हुआ है)		एथलेटिक्स-पैरा	0
			फ़ुटबॉल	0
			वालीबाल	0
			कुल:	0
5	छत्रपति संभाजीनगर	महाराष्ट्र	तीरंदाजी	25
			तीरंदाजी (पैरा)	04
			मुक्केबाज़ी	34

क्र.स.	क्षेत्र/केंद्र का नाम	राज्य	विधा	एथलीटों की संख्या
			फेंसिंग	44
			तलवारबाजी (पैरा)	07
			जिम्नास्टिक	18
			हॉकी	34
			भारोत्तोलन	49
			कुल:	215
6	धर्मशाला	हिमाचल प्रदेश	कबड्डी	30
			वालीबाल	24
			कुल:	54
7	गुवाहाटी	असम	तीरंदाजी	20
			मुक्केबाज़ी	43
			साइक्लिंग	37
			फेंसिंग	19
			फ़ुटबॉल	30
			तायक्वोंडो	30
			कुल:	179
8	गांधीनगर	गुजरात	एथलेटिक्स (पैरा)	26
			बैडमिंटन (पैरा)	12
			तलवारबाजी (पैरा)	15
			हैंडबाल	60
			कबड्डी	89
			खो-खो	30
			पावर लिफ्टिंग	12
			तैराकी (पैरा)	16
			टेबल टेनिस (पैरा)	16
			कुल:	276
9	हमीरपुर	हिमाचल प्रदेश	एथलेटिक्स	20
			बैडमिंटन	11
			मुक्केबाज़ी	16
			हॉकी	14
			जूडो	29
			कुश्ती	27
			कुल:	126

क्र.स.	क्षेत्र/केंद्र का नाम	राज्य	विधा	एथलीटों की संख्या
10	ईटानगर	अरुणाचल प्रदेश	तीरंदाजी	14
			मुक्केबाज़ी	11
			भारोत्तोलन	18
			वुशु	32
			कुल:	75
11	इम्फाल	मणिपुर	तीरंदाजी	20
			साइक्लिंग	30
			फेंसिंग	19
			फ़ुटबॉल	21
			हॉकी	44
			जूडो	20
			भारोत्तोलन	23
			वुशु	42
			कुल:	219
12	जगतपुर	ओडिशा	कयाकिंग और कैनोइंग	61
			रोइंग	43
			कुल:	104
13	कोलकाता	पश्चिम बंगाल	तीरंदाजी	44
			तीरंदाजी (पैरा)	02
			एथलेटिक्स	23
			एथलेटिक्स (पैरा)	04
			जिम्नास्टिक	41
			हॉकी	38
			टेबल टेनिस	44
			कुल:	196
14	कांदिवली	महाराष्ट्र	हॉकी	36
			कुश्ती	50
			कुल:	86
15	लखनऊ	उत्तर प्रदेश	एथलेटिक्स	06
			हॉकी	81
			पावर लिफ्टिंग	07
			तायक्वोंडो	38
			ताइक्वांडो (पैरा)	08

क्र.स.	क्षेत्र/केंद्र का नाम	राज्य	विधा	एथलीटों की संख्या
			भारोत्तोलन	36
			कुश्ती	33
			कुल:	209
16	नारनपुरा	गुजरात	बास्केटबाल	03
			तायक्वोंडो	38
			वालीबाल	0
			वुशु	0
			कुल:	41
17	पटियाला	पंजाब	एथलेटिक्स	78
			साइक्लिंग	61
			साइकिलिंग (पैरा)	0
			फेंसिंग	38
			भारोत्तोलन	49
			कुल:	226
18	रोहतक	हरियाणा	मुक्केबाज़ी	165
			कुल:	165
19	सोनीपत	हरियाणा	तीरंदाजी	82
			तीरंदाजी (पैरा)	08
			एथलेटिक्स	29
			हॉकी	77
			कबड्डी	42
			कुश्ती	65
			कुल:	303
20	तिरुवनंतपुरम	केरल	एथलेटिक्स	79
			एथलेटिक्स (पैरा)	03
			साइक्लिंग	37
			फेंसिंग	17
			फ़ुटबॉल	13
			तायक्वोंडो	30
			ताइक्वांडो (पैरा)	01
			वालीबाल	47
			कुल:	227
21	जीरकपुर	पंजाब	अभी शुरू होना बाकी है	0

क्र.स.	क्षेत्र/केंद्र का नाम	राज्य	विधा	एथलीटों की संख्या
			कुल:	0
22	सिगरा	उत्तर प्रदेश	मुक्केबाज़ी	0
	(अभी शुरू नहीं हुआ है)		फेंसिंग	0
			शूटिंग	0
			कुश्ती	0
			कुल:	0
23	आईजीस्टेडियम	दिल्ली	साइक्लिंग	23
			जिम्नास्टिक	35
			कुल:	58
24	एमडीसीएन स्टेडियम	दिल्ली	हॉकी	64
			कुल:	64
25	डॉ. एसपीएमएसपीसी	दिल्ली	तैराकी	24
			कुल:	24
26	डॉ. केएसएसआर	दिल्ली	शूटिंग	137
			शूटिंग (पैरा)	23
			कुल:	160

*****